INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang	Department: Hindi	Date :23/07/20
Worksheet No. : 06	Topic: अपठित गद्यांश	Note: Pl File in portfolio

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए :

डॉ. कलाम दृढ़ इच्छाशक्ति वाले वैज्ञानिक थे। वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना संजोए हुए थे। उनका मानना था कि भारतवासियों को व्यापक दृष्टि से सोचना चाहिए। हमें सपने देखने चाहिए। सपनों को विचारों में बदलना चाहिए। विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिए। डॉ. कलाम तीसरे ऐसे वैज्ञानिक हैं, जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया। उन्हें 'पद्मभूषम' तथा 'पद्मविभूष्ण' से भी सम्मानित किया गया। भारत को उन पर गर्व है। इतनी उपलब्धियाँ प्राप्त करने के बावजूद अहंकार कलाम जी को छू तक नहीं पाया। वे सहज स्वभाव के एक भावुक व्यक्ति थे। उन्हें कविताएँ लिखना, वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना पसंद था। वे सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखते थे। कलाम साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कलाम जी तपस्या और कर्म ठता की प्रतिमूर्ति हैं। राष्ट्रपति पड़ की शपथ लेते समय दिए गए भाषण में उन्होंने कबीरदास जी के इस दोहे का उल्लेख किया था - 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब'।

(क) डॉ. कलाम ने भारत को क्या बनाने का सपना देखा है?

1. अल्प विकसित देश
2. विकसित देश
3. निर्मित देश
4. विकासशील देश

(ख) डॉ. कलाम किस प्रवृत्ति के व्यक्ति थे?

1. असहज
2. दयालु
3. भावुक
4. क्रूर

(ग) डॉ. कलाम एक दृढ़ इच्छाशक्ति वाले ________ थे?

1. वैज्ञानिक
2. कलाकार
3. साहित्यकार
4. इनमें से कोई नहीं

(घ) डॉ. कलाम को क्या - क्या बेहद पसंद था?

....
....
....

(ड़) डॉ. कलाम को किन-किन सम्मानों से सम्मानित किया गया?

....
....
....
....

(च) डॉ. कलाम की तरह आप भारत को आगे बढ़ाने के लिए क्या प्रयास करेंगे।

....
....
....
....
....